दैनिक
# शुभ भास्कर

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 55 ● नई दिल्ली,बुधवार, 31 मई 2023 ● पृष्ठ : 6 ● मूल्य:- 04 रूपये RNIUP HIN/2015/64737




2 प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला भीमपुर के भवन निर्माण...



4 भागलपुर पुलिस के द्वारा हत्या के कांड का सफल उद्भेदन.......

## गंगा दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा दशहरा के पर्व पर हर की पौड़ी में मंगलवार सुबह लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और स्नान किया। आज ही के दिन गंगा स्नान पर्व पर पहली बार माँ गंगा धरती पर हरिद्वार में अवतरित हुई थी।

# चीन की चालाकी को रोकने के लिए 14 देशों ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चीन की चालाकी जगजाहिर है और किसी से छिपी नहीं है। चीन दुनियाभर में और खासकर कि एशिया में अपना दबदबा कायम करना चाहता है और इसके लिए कई सालों से चालाकी से आगे बढ़ रहा है। एशिया में अपनी पॉवर को बढ़ाने के लिए काफी समय से चीन की चालाकी से भरी एक तय रणनीति रही है। चीन जरूरतमंद देशों को कर्ज देकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेता है और उन्हें कर्ज के बोझ तले दबा देता है। जब चीन के कर्ज में डूबे देश कर्ज का भुगतान नहीं कर पाते, तब चीन उनकी सीमा में घुसपैठ करता है और अपना क्षेत्र बढ़ाता है। इसके अलावा भी चीन दूसरों के क्षेत्र पर कब्जा जमाने की कोशिश में लगा रहता है। पर जल्द ही चीन की दादागिरी पर लगाम लग सकती है।

### आईपीईएफ सप्लाई चेन काउंसिल स्थापित करने पर भी सहमति

इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के नाम के इस ग्रुप में 14 भागीदार देशों ने सप्लाई चेन को बिना रोकटोक जारी रखने के लिए समझौता भी किया है। इस समझौते के लिए अब तक आईपीईएफ देशों की दो मंत्रिस्तरीय बैठकें भी हो चुकी हैं। आईपीईएफ के सभी देशों ने मिलकर एक आईपीईएफ सप्लाई चेन काउंसिल, सप्लाई चेन क्राइसिस रिस्पॉन्स नेटवर्क और लेबर राइट एडवाइजरी नेटवर्क स्थापित करने पर भी सहमति जताई है।

### सदस्य देश

1) भारत, 2) अमेरिका, 3) ऑस्ट्रेलिया, 4) फिजी, 5) ब्रूनेई, 6) इंडोनेशिया, 7) जापान, 8) साउथ कोरिया, 9) न्यूजीलैंड, 10) मलेशिया, 11) सिंगापुर, 12) थाईलैंड, 13) वियतनाम, 14) फिलीपींस

### चीन की दादागिरी होगी कम

आईपीईएफ के गठन और सदस्य देशों के प्रयास से चीन की एशिया में दादागिरी कम होगी। हर वो सेक्टर, जहाँ इस समय चीन धौंस दिखता है, वो खत्म होगी।

## ख़ास ख़बर

### चीन ने शेनझोउ-16 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान किया लॉन्च

**जियुक्वान, (एजेंसी)।** चीन ने मंगलवार को शेनझोउ-16 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया, जिसमें तीन अंतरिक्ष यात्रियों को पांच महीने के मिशन के लिए अंतरिक्ष में रवाना किया गया।उत्तर-पश्चिम चीन में जियुक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से यह अंतरिक्ष यान एक लॉन्ग मार्च-2एफ कैरियर रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किया गया। अंतरिक्ष चालक दल में जिंग हैपेंग, झू यांग्झू और गुई हाइचाओ शामिल हैं। चालक दल के सदस्य तियानझोउ-5 कार्गो क्राफ्ट और शेनझोउ-17 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के साथ-साथ शेनझोऊ-15 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान और तियानझोऊ-5 के प्रस्थान का गवाह बनेंगे। चीन का लक्ष्य 2030 तक चंद्रमा पर पहली मानव लैंडिंग हासिल करना है और चंद्र वैज्ञानिक अन्वेषण एवं संबंधित तकनीकी प्रयोग करना है।

### चंद्रपुर से कांग्रेस सांसद बालू धानोरकर का निधन

**दिल्ली/नागपुर, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में कांग्रेस के इकलौते सांसद सुरेश उर्फ बालू धानोरकर का मंगलवार तड़के दिल्ली के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वह 47 वर्ष के थे। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि चंद्रपुर से सांसद धानोरकर का नागपुर के एक अस्पताल में गुर्दे की पथरी का इलाज चल रहा था। समस्या बढ़ने के कारण, उन्हें रविवार को इलाज के लिए नयी दिल्ली के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार तड़के करीब 3:30 बजे उनका निधन हो गया। प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार अपराह्न दो बजे श्री धानोरकर का पार्थिव शरीर उनके घर वरोरा लाया जाएगा। उनका अंतिम संस्कार शाम चार बजे वरोरा के वाणी बाईपास श्मशान घाट में किया गया। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में विधायक पत्नी प्रतिभा और दो पुत्र हैं।

### रांची में मॉडल ने लगाया लव जिहाद, ब्लैकमेलिंग का आरोप

**रांची, (एजेंसी)।** बिहार से मॉडलिंग की दुनिया में अपने पैर जमाने एक लड़की मानवी रांची आई। यहां वह ग्रूमिंग इंस्टीट्यूट से जुड़ गई। पीड़ित लड़की का आरोप है कि इंस्टीट्यूट के मालिक तनवीर खान ने उससे दोस्ती बढ़ाई। फिर उस पर शादी करने और धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा। जब मानवी ने शादी से मना कर दिया, तो तनवीर ने धोखे से खींची उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की और उसके परिजनों को भेज दीं। परेशान होकर वह मुंबई आ गई। यहां आकर आरोपी उसे परेशान करने लगा। इसकी शिकायत उसने वर्सोवा थाने में दर्ज कराई। पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह रांची में ग्रूमिंग इंस्टीट्यूट के मालिक से उसकी दोस्ती हो गई। पहली मुलाकात में तनवीर ने अपना नाम यश बताया था। बाद में उसे पता चला कि उसका असली नाम यश नहीं तनवीर है।

### प्रेम प्रसंग में आत्महत्या करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

राजमहल। थाना क्षेत्र के नील कोठी निवासी सविता मिश्रा ने अपनी पुत्री की आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाते हुए एक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जहां मामले को लेकर सविता मिश्रा ने आवेदन देकर बताया है कि कासिम बाजार निवासी राहुल कुमार गुप्ता पिता नंद कुमार गुप्ता के साथ पिछले तीन से चार वर्षो से उनकी पुत्री का प्रेम प्रसंग चल रहा था तथा राहुल गुप्ता बराबर उसकी पुत्री से मिला करता था तथा उसकी पुत्री से बराबर शादी करने की बात कहा करता था।

रक्षामंत्री राजनाथ ने अबुजा में भारतीयों के कार्यक्रम में कहा

# केंद्र सरकार की नीतियों से वैश्विक मंच पर बढ़ रही है भारत की भूमिका



**नई दिल्ली/अबुजा, (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और सरकार की प्रगतिशील नीतियों के कारण वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका निरंतर बढ़ रही है।

नाइजीरिया की यात्रा पर गए श्री सिंह ने सोमवार को अबुजा में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नाइजीरिया में बसे प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत में ये विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में न केवल अबुजा से, बल्कि नाइजीरिया के अन्य शहरों जैसे लागोस से आए भारतीय समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया।

रक्षामंत्री ने तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही प्रगतिशील योजनाओं के कारण वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका के बारे में चर्चा की। उन्होंने प्रवासी भारतीयों की बढ़ती साख का भी उल्लेख किया। उन्होंने नाइजीरिया में भारतीय समुदाय के सकारात्मक योगदान की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि वे भारतीय ध्वज को इसी प्रकार शिखर पर लहराते रहेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार को नाइजीरिया पहुंचे, यहां उन्होंने प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद किया। इस दौरान तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और सरकार के प्रगतिशील प्रयासों के कारण वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचे, यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की इस अफ्रीकी देश की पहली यात्रा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को अबुजा में नाइजीरिया के निर्वाचित राष्ट्रपति श्री बोला अहमद टीनूबु के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। रक्षा मंत्री के प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा, हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे।

### चुनौती का सामना करने बलों की सराहना की

श्री सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने पर सरकार के विशेष ध्यान और 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में हाल के वर्षो में रक्षा निर्यात में हुई महत्वपूर्ण प्रगति का भी जिक्र किया। उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में किसी भी खतरे या चुनौती का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए सशस्त्र बलों की क्षमताओं की भी सराहना की। बाद में, रक्षामंत्री ने भारतीय उच्चायुक्त द्वारा आयोजित रात्रिभोज में मुख्य न्यायाधीश और कार्यवाहक रक्षामंत्री सहित नाइजीरिया के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत की। श्री सिंह नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला तिनुबू के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए अबुजा गए हुए हैं। नाइजीरिया में 50,000 से अधिक भारतीय रहते हैं।


## सपा विधायक रमाकांत यादव को चार माह की सजा

**जौनपुर, (एजेंसी)।** स्थानीय कोर्ट ने कोतवाली क्षेत्र में मारपीट, बलवा और गाली-गलौज के एक मामले में पूर्व सांसद एवं आजमगढ़ के फूलपुर पवई क्षेत्र से सपा विधायक रमाकांत यादव को चार माह की सजा और सात हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। केस की सुनवाई एसीजेएम तृतीय यानी एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रही थी। 2019 में जौनपुर जिले के कोतवाली क्षेत्र में मारपीट का केस हुआ था, जिसमें कुछ लोग घायल हुए थे। उस समय रमाकांत पर बलवा, मारपीट करने, गाली-गलौज सहित अन्य धाराओं 147 149 323 504 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने कोर्ट में आरोपत्र दाखिल किया। उसके बाद एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई हो रही थी।

सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तृतीय ने रमाकांत को दोषी पाते हुए चार माह सजा और सात हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

# रुस की राजधानी मॉस्को पर ड्रोन अटैक, यूक्रेन पर शक

## कई बिल्डिंग्स को पहुंचा नुकसान



**मास्को, (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी से चल रहे युद्ध को एक साल से भी ज्यादा समय बीत चुका है। लंबे समय से यूक्रेन के कई शहरों पर हमला कर चुके रूस की राजधानी मॉस्को पर मंगलवार को ड्रोन अटैक का मामला सामने आया। इस बात की जानकारी शहर के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने दी।

मंगलवार की सुबह मॉस्को पर हुए ड्रोन अटैक में कई बिल्डिंग्स को नुकसान पहुंचा। हालाँकि बिल्डिंग्स को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। मॉस्को के मेयर ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को सुबह मॉस्को में हुए ड्रोन अटैक से कई बिल्डिंग्स को नुकसान जरूर हुआ है, पर यह बहुत ज्यादा नहीं है। साथ ही मॉस्को के मेयर ने इस बात की भी जानकारी दी कि इस ड्रोन अटैक में किसी की मौत नहीं हुई और न ही कोई ज्यादा घायल हुआ। इस हमले के पीछे यूक्रेन का हाथ होने की संभावना जताई जा रही है। अमेरिकी और यूक्रेन ने रूस के शहर मास्को में यूक्रेन अटैक पर अपना हाथ होने की बात से पूर्णत इंकार किया है।

### कर्नाटक में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट घायल

**बेलगावी, (एजेंसी)।** कर्नाटक में बेलगावी जिले में सांबरा हवाईअड्डे के समीप मंगलवार को तकनीकी खराबी के कारण एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिला अग्निशमन अधिकारी सहशिधर नीलगर ने बताया कि प्रशिक्षण विमान ने सांबरा हवाईअड्डे से सुबह करीब 09:30 बजे उड़ान भरी थी और होनिहाल गांव के पास यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद ही पुलिस, बचाव कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल पायलट को मामूली चोंटे आयी है और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी गयी है।

## Filmi तड़का

# पंचवटी के कालाराम मंदिर में कृति ने लिया मां सीता का आशीर्वाद



**नासिक।** कृति सैनन इन दिनों अपकमिंग फिल्म आदिपुरुष के प्रमोशन में लगी हुई हैं। आदिपुरुष 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसे लेकर आदिपुरुष के मेकर्स और कलाकार बहुत ही एक्साइटेड हैं। आदिपुरुष रामायण पर आधारित है फिल्म में कृति सैनन सीता के किरदार में नजर आएंगी, जबकि प्रभास भगवान राम की भूमिका में हैं। सैफ अली खान रावण के किरदार में हैं। कृति मंगलवार को सीता गुफा मंदिर पहुंची। सीता गुफा मंदिर नासिक के पंचवटी में स्थित है। कृति सैनन सिंगर सचेत परंपरा के साथ पंचवटी कालाराम मंदिर पहुंची। माना जाता है कि वनवास के दौरान भगवान राम और सीता इसी गुफा में रुके थे। कृति सैनन ने मंदिर में आरती की और 'राम सिया राम' भजन भी गाया। उनके साथ सिंगर सचेत-परंपरा भी सीता गुफा पहुंचे थे। कृति ने माता सीता का आशीर्वाद लिया। कृति इस दौरान वह एक पेस्टल सलवार सूट में दिखीं। उन्होंने आरती के दौरान सिया राम जय जय राम' का जयकारा भी लगाया। कृति सैनन को माता सीता के किरदार में फैंस काफी पसंद कर रहे है। बता दें, एक दिन पहले ही आदिपुरुष का गाना 'राम सिया राम' रिलीज हुआ है।

## फिल्म जोगीरा सारा रा रा के लिए भारी फीस

### अभिनेता नवाजुद्दीन ने वसूले चार करोड़ तो, नेहा शर्मा ने दो करोड़



**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा की फिल्म जोगीरा सारा रा रा सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है। पहली बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा साथ में नजर आए। नवाजुद्दीन हर बार अपनी दमदार एक्टिंग से सबका दिल जीत लेते हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने 4 करोड़ रुपए की फीस ली है। फिल्म जोगीरा सारा रा रा में नेहा शर्मा है और उन्होंने फिल्म के लिए 2 करोड़ रुपए लिए है। वहीं, संजय मिश्रा मूवी में एक बार फिर से अपनी एक्टिंग से दर्शकों को खूब हंसाते दिखे। रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने 1 करोड़ की फीस चार्ज की है। फिल्म में जरीना वहाब ने अहम किरदार निभाया है और उन्होंने 20 लाख रुपये बतौर फीस लिए है। वहीं, महाअक्षत चक्रवर्ती ने मूवी में लल्लू का रोल प्ले किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने 30 लाख रुपए की फीस ली है। बता दें कि महाअक्षत बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती के बेटे है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के छात्र की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।**



अमेरिका में गन वॉयलेंस लंबे समय से एक बहुत ही गंभीर समस्या है। आए दिन अमेरिका में शूटआउट (गोलीबारी) की घटनाओं के मामले सामने आते रहते हैं। पब्लिक प्लेस हो या बिना भीड़भाड़ वाली जगह, हर जगह गन वायलेंस के मामले देखे जाते हैं। हाल ही में अमेरिका में गन वॉयलेंस का एक और मामला सामने आया है।

अमेरिका के फिलाडेल्फिया में एक 21 वर्षीय छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। छात्र का नाम जूड़ चाको था। यह घटना अमरीका में रविवार रात (भारत में सोमवार सुबह) घटित हुई।

**काम से लौट रहा था घर:** जानकारी के अनुसार जिस समय यह वारदात हुई, उस समय जूड़ काम से घर लौट रहा था। पढ़ाई के साथ जूड़ पार्ट टाइम नौकरी भी कर रहा था। रास्ते में लौटते समय जूड़ पर दो अज्ञात लोगों ने हमला किया, जो एक लूटपाट की वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने जूड़ को गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार जूड़ का परिवार केरल के कोल्लम जिले से ताल्लुकात रखता था। 30 साल पहले जूड़ का परिवार अमेरिका शिफ्ट हुआ था।

**गन वॉयलेंस में नहीं हो रही कमी :** गन वॉयलेंस अमेरिका में लंबे समय से एक बड़ी समस्या रही है। अमरीका में गन खरीदना उतना ही आसान है जितना भारत में सब्जी खरीदना। एक छोटा बच्चा भी अमेरिका में गन खरीद सकता है और वहाँ गन की खरीद पर कोई सख्त कानून नहीं है।

### गोलीबारी में 16 की मौत, 30 घायल

अमेरिका में स्मृति दिवस सप्ताहांत के दौरान गोलीबारी में मृतक संख्या 16 हो गई है और 30 से अधिक लोग घायल हैं। एनबीसी न्यूज ने बताया कि देश के आठ राज्यों में समुद्र तटों (बीच) पर, हाई स्कूलों में, मोटरसाइकिल रैलियों के दौरान और अन्य स्थानों पर बंदूक से हिंसा के मामले सामने आये।

# मैंने ही साक्षी को मारा... साहिल ने कबूला गुनाह



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** साक्षी मर्डर केस के बारे में ज्यादा जानकारी देने के लिए दिल्ली पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान आउटर नॉर्थ दिल्ली के डीसीपी रवि कुमार ने बताया, हमारी कोशिश रहेगी कि मजबूत चार्जशीट बनाएं, ताकि कोई अपराधी बच कर न निकल पाए। पुलिस ने कहा, आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। हमें दो दिन की रिमांड मिली है। पुलिस ने बताया कि साइंटिफिक जांच पर हमारा जोर है। आरोपी के खिलाफ जल्द चार्जशीट फाइल की जाएगी।

पुलिस ने बताया कि साहिल से अच्छे से पूछताछ हो रही है। इस दौरान लव जिहाद से जुड़ा सवाल भी पूछा गया तो पुलिस ने बताया कि हर एंगल से जांच हो रही है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि साहिल को जब कत्ल का सीसीटीवी फुटेज दिखाया गया तो उसने यह बात कबूल ली है कि वीडियो में दिख रहा लड़का मैं ही हूं। उसने पुलिस से सामने अपना गुनाह कबूलते हुए कहा, मैंने ही साक्षी को मारा है। इस दौरान एक और खुलासा यह हुआ है कि साक्षी को पता था कि साहिल का पूरा नाम साहिल खान है। साक्षी और साहिल दोनों तीन साल से एक-दूसरे को जानते थे। दोनों एक-दूसरे का इंस्टा एकाउंट भी फॉलो करते थे।

### तेंदुलकर महाराष्ट्र में बने स्माइल एंबेसडर

**मुंबई, (एजेंसी)।** क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को मंगलवार को महाराष्ट्र में स्वच्छ मुख अभियान के लिए 'स्माइल एंबेसडर' नामित किया गया है। यह कैंपेन मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने वाला अभियान है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने तेंदुलकर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी नागरिकों को बना रहे निशाना

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकियों द्वारा एक नागरिक की हत्या की निंदा की। वहीं जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने अनंतनाग में आतंकियों द्वारा दीपू की हत्या की निंदा की। सज्जाद लोन ने कहा कि वह एक सर्कस कलाकार दीपू की गोली मारकर हत्या किए जाने की दुखद घटना से बहुत परेशान और दुखी हैं।

### हैवानियत की एक और घटना

लोन ने मृतक के परिवार और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अनंतनाग में दीपू की हत्या हैवानियत की एक और घटना है। आश्चर्य है कि एक नागरिक की हत्या से किसी को कैसे मदद मिलती है। लोन ने कहा कि दीपू रोजगार के अवसरों की उम्मीद में उधमपुर में अपने घर को छोड़कर अनंतनाग आया था। उन्होंने कहा, दीपू यहां अपने और अपने परिवार के लिए रोजगार की तलाश में था। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए लोन ने कहा कि किसी प्रियजन का जाना एक बहुत बड़ी त्रासदी है। उनके परिवार द्वारा अनुभव किए गए दर्द और पीड़ा को व्यक्त नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, मेरी हार्दिक संवेदनाएं दीपू के परिवार और प्रियजनों के साथ हैं।

# दिल्ली में तेज हवा के साथ बारिश खराब मौसम से 10 उड़ानें डायवर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने फिर करवट ली। दिल्ली में सुबह से तेज धूप देखने को मिली। शाम होते-होते मौसम ने यू-टर्न लिया। दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। दिल्ली में खराब मौसम के कारण 18.25 बजे से 20.00 बजे के बीच 10 उड़ानें डायवर्ट की गई है। इनमें से नौ उड़ानें जयपुर डायवर्ट की गई, जबकि एक फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट की गई। वहीं, राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में आंधी और बारिश के चलते तापमान गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

### 9 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

राजस्थान, मप्र और दिल्ली समेत नौ राज्यों में बुधवार को भी आंधी आने व बारिश होने की संभावना है। राजस्थान में तीन दिन बारिश से जुड़ी घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गई है। मई के माह में सालों में ऐसा पहली बार हुआ। पिछले 24 घंटों में राज्य के 10 जिलों में आंधी चली। इससे कई जगह भारी नुकसान हुआ। उधर, आईएमडी ने बताया कि बुधवार देर रात तक राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से भारी बारिश होने के आसार हैं। वहीं दिल्ली में 4 जून तक हल्की और तेज बारिश हो सकती है। मप्र के भी ज्यादातर इलाकों में 31 मई तक बारिश के आसार हैं।

ख़ास ख़बर

## जिला परिषद के गाड़ी से दो बोतल अंग्रेजी शराब के साथ चार लोग हुए गिरफ्तार

**गौतम कुमार शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर।** औरंगाबाद (बिहार)बन्देया थाना क्षेत्र के जैतीया मोड़ के समीप सोमवार की रात्रि एक बोलेरो से 2 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में झिकटिया गांव निवासी गोबिंद बिन्द , पहाड़ीपुर गांव निवासी मदन सिंह व सुबोध यादव एवं गया जिले के चेनैनी गांव निवासी शिवकुमार यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष रामायण कुमार ने बताया कि सोमवार की रात्रि गश्ती के दौरान एक बोलेरो को रुकवा कर तलाशी ली गई तो उक्त गाड़ी से 2 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ बोलोरो क्क्र26क्क8098 को भी जब्त किया गया है। तथा साथ में 4 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि मामले में सभी आरोपितो के विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिया है।

## सड़क हादसे में घायल युवक के इलाज के दौरान में हुई मौत, मुआवजे को लेकर सड़क जाम



**गौतम कुमार शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर।** औरंगाबाद (बिहार)उपहारा थाना क्षेत्र के निमड़ा गांव निवासी सीताराम शर्मा के 28 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार चार दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हो गया था।घायल युवक का इलाज किसी निजी अस्पताल में किया जा रहा था। सोमवार को इलाज के दौरान उस युवक की अचानक मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक किसी काम से 22 मई को महदीपुर बाजार से लौट रहा था। तभी अपने ही गांव के समीप अज्ञात बाइक से टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों के सहयोग से कोंच सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए, बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया था। लेकिन परिजनों के द्वारा उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा था। उन्हें अचानक इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उनके मौत की खबर सुनते ही गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर बाजार बर्मा गांव के समीप दाऊदनगर- गया मुख्य पथ पर शव को रखकर जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची गोह एवं उपहारा थाना पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। इधर लग्न के चलते वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आने जाने वाले लोगों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

## हसपुरा प्रखंड कार्यालय में कृषि कर्मियो के साथ बीडीओ ने बैठक की

**दैनिक शुभ भास्कर ,प्रेम कुमार ,प्रखंड संवाददाता ,हसपुरा।** औरंगाबाद (बिहार)- पीएम किसान सम्मान निधी योजना के लाभुक हर - हाल में 4 मई तक ईकेवाईसी करवा लें नहीं तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वैसे लाभुक जिन्हें पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ मिलता है उन्हें साल में एक ईकेवाईसी करवाना जरूरी है नहीं तो उन्हें इस लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। प्रखंड के लाभुक किसानों का ईकेवाईसी करवाने में तेजी लाने के लिए हसपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में कृषि विभाग के कर्मियों के साथ बैठक किया। बीडीओ ने कर्मियों से कहा कि किसानों का ईकेवाईसी नहीं होने पर उनका पैसा बंद हो जाता है उसके बाद वे इधर - उधर भटकते रहते है।इसलिये समय से पहले किसानों का केवाईसी करवा लेना है। बीडीओ ने अबतक हुए केवाईसी का समीक्षा किया। कृषि विभाग ने बताया कि प्रखंड में कुल 9 हजार 4 सौ 9 किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिलता है।जिसमें 1702 किसानों का ईकेवाईसी नहीं हुआ है। इसके साथ ऐसे लाभुक किसान जिनका ईकेवाईसी हो चुका है लेकिन उनके खाते में पैसा नहीं आता है तो उन्हें एनपीसीआई से लिंक कराना होगा। ऐसे किसान प्रखंड में 1047 है जिन्हें बैंक जाकर एनपीसीआई से खाता लिंक करना होगा।इसके बाद उनके खाते में पैसा आना शुरु हो जाएगा।

# भारतीय रेल किराया में वरिष्ठ नागरिकों खिलाड़ियों को वर्षो से मिलते आ रही रियायत को फिर से शुरू किया जाय - कांग्रेस

**दैनिक शुभ भास्कर / गजेन्द्र कुमार ब्यूरो गया।** कोविड 19 महामारी के प्रसार को रोकने के नाम पर 20 मार्च 2020 यानी तीन वर्षो से ज्यादा से रेल किराया में वरिष्ठ नागरिकों, खिलाड़ियों, एवम् अन्य लोगो को मिलने वाली रियात को मोदी सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है, जिससे गरीब एवम् मध्यवर्गीय परिवार के वरिष्ठ नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

आज कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय रेल मंत्री, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को इस संबंध में ज्ञापन भेज कर देश के वरिष्ठ नागरिकों, खिलाड़ियों, पत्रकारों, छात्रों आदि को रेलवे किराया में वर्षो से मिलते आ रही रीयात को अविलंब शुरू करने की मांग की है।






मांग करने वाले बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रद्युमन दुबे, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, मो समद, असरफ इमाम, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, राहुल चंद्रवंशी धरनाई, रूपेश चौधरी, अशोक राम, आदि ने कहा कि 2020 से पहले रेलवे वरिष्ठ नागरिक के मामले में सभी श्रेणियों में यात्रा करने पर महिलाओं को 50त्न एवम् पुरुषो को 40त्न की छूट देता था, जिसे कोरोना के समय आपदा को अवसर बना कर बंद करने से देश के बुजुर्गो मोदी सरकार से अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। नेताओ ने कहा की इस मामले में संसद से सड़क तक मांग करने के बाद सरकार द्वारा गठित संसदीय समिति का भी रिपोर्ट आने के बाद भी इसे शुरू करने में विलंब किया जा रहा है, जबकि उस रिपोर्ट में वरिष्ठ नागरिकों की उम्र सीमा भी 60 से बढ़ा कर 70 किया जा रहा है, रियायत लेने का भी ऑप्शन का भी कॉलम बनाया गया है, यानी जिन्हे रियायत की नितांत आवश्यकता हो वही ले सकते है आदि कई नई बाते रिपोर्ट में शामिल है। नेताओ ने कहा की मोदी सरकार के नौ वर्षो में रेलवे किराया में मिलने वाली रियायत, घरेलू गैस में मिलने वाली सब्सिडी, सहित अन्य कई सुविधाओ को समाप्त करने का ही सौगात मिली है।

## शादी समारोह में विषाक्त भोजन खाने से डेढ़ दर्जन से अधिक लोग बीमार



**गौतम कुमार शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर।** औरंगाबाद (बिहार)आए हम बाराती बारात लेकर, जाएंगे भी हम दुल्हन को साथ लेकर, इसी गाने पर ठुमके लगाते हुए लड़का पक्ष के लोग बन्देया थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में सोमवार की रात एक शादी समारोह में शिरकत हुए थे। लड़की के घर दरवाजा लगने के बाद कुछ स्थानीय एवं बारात पार्टी के लोग खाना खाने चले गए। खाना खाने के बाद अचानक पेट में दर्द उठने एवं दस्त होने से लोगों में अफरा तफरी मच गई। वहीं विषाक्त भोजन खाने से डेढ़ दर्जन से अधिक लोग बीमार हो गए।बताया जाता है कि सोमवार की रात बन्देया थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी दशरथ यादव के घर गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के दौलतपुर से बारात आई थी। शादी समारोह में दोनों पक्षों के सगे संबंधियों सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

स्थानीय लोगों के अनुसार खाना खाने के तकरीबन चार घंटे बाद तीन-चार लोगों को अचानक दस्त एवं पेट में दर्द होने लगा। आनन-फानन में बिमार लोगों का इलाज स्थानीय चिकित्सकों द्वारा किया गया। लेकिन मंगलवार की सुबह होते-होते यह संख्या डेढ़ दर्जन से उपर पहुंच गई। सभी का प्राथमिक उपचार समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में किया जा रहा है। विषाक्त भोजन से बिमार हुए लोग भिन्न-भिन्न गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। बिमार हुए लोगों में अविनाश कुमार, माधुरी कुमारी, अभय कुमार, अंकुश कुमार, सुनैना कुमारी, ललिता देवी, रमन्ती देवी, कलावती देवी, शोभा देवी सहित डेढ़ दर्जन लोग शामिल हैं।

## 12 जून को बोकारो विधानसभा संयुक्त मोर्चाओं का महासम्मेलन- बिरंची नारायण



**दैनिक शुभ भास्कर , साजिद , ब्यूरो चीफ।** बोकारो (झारखंड) 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत आज बोकारो विधायक आवास मे अभियान की तैयारी हेतु बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक मे किसान मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने की।

मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण उपस्थित हुए। इस बैठक मे बोकारो विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के नो मंडल अध्यक्ष ,महामंत्री , सभी मोर्चो के जिला अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए बिरंची नारायण ने कहा कि बोकारो जिला के सभी चारो विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा वार संयुक्त मोर्चाओं की बैठक आयोजित किया गया है। तैयारी हेतु इसके लिए उक्त मोर्चाओं को 2 जून तक विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के साथ बैठक आयोजित किया जाना है। वही सभी मंडलों मैं 7 जून तक मंडल स्तरीय बैठक आयोजित करनी है। बोकारो विधानसभा में किसान मोर्चा द्वारा 12 जून को आयोजित की जाएगी।

सम्मेलन में केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्री तथा केंद्रीय स्तर के नेताओ का आगमन होगा। विधानसभा व लोकसभा स्तर पर 20 से अधिक कार्यक्रम होना है उक्त बैठकों मे सभी मोर्चाओं के पदाधिकारी शामिल होंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मलेन मे भाजपा सहित 7 मोर्चाओं के पदाधिकारी, कार्यसमिति मौजूद रहेंगे । बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता घर घर जनसंपर्क करेंगे तथा मोदी सरकार के 9 सालो के दौरान किये गए कार्यो को जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। बैठक में मंडल स्तर पर तिथि तय की गई।

## आम नागरिक मंच बैनर के तले अभी के वर्तमान हालात पर संपन्न हुआ एक महत्वपूर्ण बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर , साजिद , ब्यूरो चीफ।** बोकारो (झारखंड) 30 मई 2023~ आम नागरिक मंच की महत्वपूर्ण बैठक मंच के वरिष्ठ सदस्य आर एन सिंह के आवास सेक्टर- 9 में हुई । बैठक की अध्यक्षता पत्रकार महावीर कुमार व संचालन हरेन्द्र मिश्रा ने किया । बैठक में मंच के आगामी कार्यकम के प्रारूप पर विस्तार से चर्चा की गयी।चर्चा की मंच के संयोजक हरेन्द्र मिश्र ने कहा कि हमारा देश अधिनायकवादी तानाशाही के दौर में ढकेला जा चुका है जिसका ताजा उदाहरण सावरकर के जन्मदिन पर नये संसद भवन के उदघाटन के कार्यक्रम में देश के संवैधानिक प्रमुख राष्ट्पति को दरकिनार कर खुद नरेन्द्र मोदी द्वारा उदघाटन करना है । इस अवसर पर राजशाही व्यवस्था का प्रतीक सेंगल (राजदंड) को संसद भवन में स्थापित करना भारतीय लोकतंत्र को खत्म करने के प्रयासों की शुरुआत है। शर्म की बात है कि जिस समय गाजे-बाजे के साथ नये संसद भवन का उदघाटन हो रहा था उसी समय यौन शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही भारत की उन बेटियों को मोदी-शाह की पुलिस दिल्ली की सड़कों पर घसीट रही थी, जिन्होंने कई मौकों पर अंतराष्ट्रीय मंचों पर देश का मान बढ़ाया है। दूसरी तरफ यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद को नयी संसद भवन में सम्मानित किया जा रहा था। इस विकट परिस्थिति में देश की जनता, तमाम लोकतांत्रिक जनवादी प्रगतिशील संगठनों और तमाम गैर भाजपा राजनैतिक दलों की एकता के बल पर ही इस नये फासीवाद का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने आगामी कार्यक्रम के रूप में आर एस एस, भाजपा मुक्त भारत के लिए सभी गैर भाजपा दलों की एकता का आह्वान करते हुए।

## हसपुरा में कांग्रेस नेता के निधन पर शोक



**दैनिक शुभ भास्कर,प्रेम कुमार ,प्रखंड संवाददाता,हसपुरा /औरंगाबाद (बिहार)।** हसपुरा प्रखंड के सोनहथु निवासी कांग्रेश के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह का निधन का आक्सिमक निधन मंगलवार को इलाज के दौरान गया में हो गया। निधन की खबर जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों को मिली शोक की लहर दौड़ पड़ी। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश सिंह , रविन्द्र सिंह,डा.तपेश्वर सिंह , मानदीप चौधरी, किशोरी प्रसाद, गया प्रसाद सिंह, अशोक सिंह सहित भाजपा के अनील आर्य , अमन कुशवाहा,चितरंजन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है।

## औरंगाबाद में 20 गिरफ्तार सैकड़ों लीटर शराब सहित कई वाहन जप्त

**श्याम किशोर मिश्र वरीय संवाददाता/ औरंगाबाद (बिहार) दैनिक शुभ भास्कर।** औरंगाबाद जिले में चलाए गए पुलिस अभियान में 20 लोगों की गिरफ्तारी किया गया है वहीं सैकड़ों लीटर शराब सहित कई वाहन जप्त किया गया है उक्त जानकारी अधीक्षक कार्यालय प्रेस नोट जारी कर दी गई है जारी प्रेस नोट के अनुसार हत्या के प्रयास मामले में (3) विधित कांड में( 1) मध निषेध मामला में( 16 )को गिरफ्तार किया गया है तथा विदेशी शराब 445,5 लीटर महुआ शराब 5 लीटर जप्त किया गया है और ?16000 हजार रुपया वसूला गया है

## विद्युत समस्या का समाधान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करेंगे उपभोक्ता

**शुभ भास्कर,विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड।**- प्रखंड क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर शिष्टमंडल ने सांसद कार्यालय एवं अधीक्षण अभियंता को मांग पत्र सौंपा। मामले पर संज्ञान लेते हुए सांसद ने विधुत अधीक्षण अभियंता को फोन कर समस्या निष्पादन करने का निर्देश दिया और शिष्टमंडल से अधीक्षण अभियंता को आवेदन देने की बात कही। शिष्टमंडल द्वारा अधीक्षण अभियंता को दिए आवेदन में अंबा सब स्टेशन को ग्रीड से 33000 वोल्ट की सप्लाई अलग तार से करने, अंबा टाउन फीडर का 11000 वोल्ट बिजली आपूर्ति निरंजनापुर फीडर से अलग करने, टाउन फीडर का विस्तार अंबा बाजार के चिल्हकी मोड के ट्रांसफॉर्मर तक करने तथा क्षतिग्रस्त 440 वोल्ट एलटी केबल को बदलने की मांग की गई है। अधीक्षण अभियंता ने समस्या का निष्पादन करने का आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल ने आवेदन की प्रतिलिपि कार्यपालक विद्युत अभियंता चंदन कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी को भी दिया है। उन्होंने ने एक सप्ताह में काम शुरू न होने पर धरना प्रदर्शन व घेराव करने की बात कही है। शिष्टमंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, अरविंद पासवान, रोहित कुमार एवं अभिमन्यु सिंह चंद्रवंशी शामिल थे।

## सहायक विद्युत अभियंता ने की बिचौलियों से सावधान रहने की अपील

**शुभ भास्कर, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड।** सहायक विद्युत अभियंता गौतम कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को बिचौलियों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने के उपरांत उसे बदलने की प्रक्रिया विद्युत विभाग द्वारा की जाती है। इसके लिए विद्युत उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राशि नहीं देना है। ट्रांसफार्मर जलने के उपरांत ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे के अंदर विभागीय प्रावधान के अनुरूप ट्रांसफार्मर बदला जाता है। प्रायः ऐसी शिकायत मिलती है कि किसी गांव का ट्रांसफार्मर जलने के उपरांत बिचौलिए विद्युत उपभोक्ताओं को भ्रमित कर ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर ठगी करते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।ट्रांसफर बदलने के नाम पर कोई दलाल या प्राइवेट मिस्त्री पैसे कि मांग करता है तो कनीय विद्युत अभियंता अथवा सहायक विद्युत अभियंता को फोन अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दें।

## दलिया मोहल्ला से गाय चराने गई महिला गायब



बोसी थाना क्षेत्र के दलिया मोहल्ला से एक महिला गायब होने का मामला प्रकाश में आया है बता देगी दलिया निवासी स्वर्गीय गणेश मंडल के पुत्र मंटू मंडल ने अपनी छोटी बहन को अपने घर से कुछ दूर तिवारी बांध गाय चराने के लिए गई थी जिसके बाद आज तक वापस नहीं आई वही मंटू मंडल ने बताया कि उन्होंने बौसी थाना में आवेदन देकर अपनी बहन को खोज निकालने की पुलिस से गुहार लगाई है गाय हुई महिला बचपन से ही गूंगी है इस मामले में बसी पुलिस छानबीन में जुट गई है

बैठक | इसी के संदर्भ में आज जिला कलेक्टर के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई!

# जिले के सार्वजनिक क्षेत्रों को करेंगे तंबाकू निषेध क्षेत्र

राजस्थान उदयपुर दैनिक शुभ भास्कर पत्रकार विशाखा व्यास चिकित्सा उदयपुर विभाग द्वारा जिला स्तर पर जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समति बैठक का आयोजन जिला कलक्टर की अध्यक्षता मे 25 मई को किया गया था।जिसमें तम्बाकू निषेध दिवस सप्ताह का अभियान की क्रियान्विति कार्ययोजना एवं समस्त जिलाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई थी।

इसी के संदर्भ में आज जिला कलेक्टर के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई! . प्रेस कान्फ्रेस के माध्यम से सीएमएचओ डा शंकर बामनिया ने बताया कि जिले में संचालित 895 विद्यालय, कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों को निर्धारित किये गये 9 इंडिकेटर्स के आधार पर तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है कोट्पा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये जिला स्तर पर विभिन्न विभाग के अधिकारियों, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों तथा एनटीसीपी कार्मिकों द्वारा धारा 4 एवं धारा 6 के अंतर्गत किये गये उल्लंघनों पर चालन कार्यवाही की जाएगी . ब्लॉक स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता एवं बीसीएमओ को सदस्य नामित कर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को शामिल कर ब्लॉक स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति का गठन कर अभियान की कियान्विती की जायेगी! जिले में प्राधिकृत अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण आयोजित किया गया था जिनमें चिकित्सा विभाग, शिक्षा ,विभाग, आईसीडीएस विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, स्थानीय निकाय, परिवहन विभाग आदि के प्राधिकृत अधिकारियों को तम्बाकू नियंत्रण एवं ई-सिगरेट तथा हुक्का बार प्रतिबंध के नियमों के एनफोर्समेंट के विषय में प्रशिक्षित किया गया हैं। सभी विभागों को चालान की रसीद दी जाएगी और अपने अपने क्षेत्र में तंबाकू सेवन करने वाले लोगों को खिलाफ चालान काटकर तंबाकू निषेध करने का मुहिम चलाई जाएगी। . जिले में 288 विद्यालय में तम्बाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु जागरूक संम्बंधित कियाविधियों का संचालन किया जाएगा! जिला एवं ब्लॉक स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण के सम्बंध में रैली आईईसी इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर की तंबाकू निषेध दिवस सप्ताह मनाने के संबंध में आमजन में जन जागरूकता फैलाने हेतु 31 मई 2023 को आरएनटी मेडिकल कॉलेज महाराणा भोपाल चिकित्सालय मे महारैली आयोजित की जाएगी जोकि महाराणा भोपाल चिकित्सालय से चेटक सर्कल ,कलेक्टर ऑफिस सामने और डेहलीगेट होकर पुनः आरएनटी मेडिकल कॉलेज में जाएगी। इसी तरह ब्लॉक स्तर पर संबंधित उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित की जाएगी और इस कार्यशाला में तंबाकू के सेवन के दुष्परिणाम के बारे में प्रचार प्रसार कर तंबाकू निषेध करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।




## जिला पदाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन बकाया भत्ता राशि को भुगतान करने की माँग

इसी दिन उत्तर बंगाल विकास मंत्री एवं सिताई विधानसभा विधायक ने सिताई विधानसभा में दो सड़कों के कार्य का लोकार्पण किया.

इन दोनों सड़कों का निर्माण उत्तर बंगाल विकास विभाग के सहयोग से करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से होगा.सोमवार को दोपहर 12 बजे के करीब दिनहाटा के दुर्गाबाड़ी मंदिर से करीब साढ़े तीन किलोमीटर सड़क- उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा व सिताई विधानसभा विधायक जगदीशचंद्र वर्मा बसुनिया ने वल्का-पुतिमारी प्राथमिक विद्यालय के एक ब्लॉक का उद्घाटन किया.सड़क कार्य के शुभारंभ के दौरान उत्तर बंगाल विकास विभाग के कार्यकारी वास्तुकर सौरभ भट्टाचार्य भी मौजूद रहे.प्रारंभिक बजट इस सड़क को बनाने में साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। 1200 मीटर सड़क का काम शुरू हो चुका है। इस सड़क के निर्माण के लिए शुरुआती बजट में चार करोड़ तीस लाख रुपये का अनुमान लगाया गया है।



मंत्री उदयन गुहा और विधायक जगदीशचंद्र वर्मा बसुनिया ने केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना की जब वे सड़क का काम शुरू करने आए थे.इस दिन उदयन गुहा ने कहा कि केंद्र की आर्थिक तंगी के बावजूद मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़कों का विकास करते रहे. बंगाल। मंत्री ने कहा कि इस सड़क को लेकर स्थानीय लोगों को कई बार सवालों का सामना करना पड़ा। गांव के बिना शहर का विकास संभव नहीं है। शहर के साथ-साथ गांव का विकास नहीं हुआ तो वास्तविक विकास संभव नहीं है। आर्थिक स्थिति केंद्र की बदहाली से राज्य संकट में है, लेकिन राज्य सरकार राज्य में 12 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कर रही है.

कूचबिहार जिला भाजपा अध्यक्ष सुकुमार रॉय ने कहा कि ये सभी पंचायत चुनाव चौंकाने वाले हैं।

पंचायत चुनाव होते ही विकास की लहर थम जाएगी।राज्य शिकायत

## खास ख़बर

## एसजीएफआई राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पलामू को 2 प्रथम के साथ कूल 10 पदक

**दैनिक शुभ भास्कर, गौरी शंकर मिश्र, ब्यूरो चीफ, पलामू प्रमंडल, (झारखण्ड,)।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में 28 दिसंबर 2023 को रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में एसजीएफआई(स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया) एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में एथलेटिक कोच एवं रॉयल स्पोर्ट्स एकैडमी संचालक रेशमा पांडे, सोनी कुमारी और एथलेटिक कोच मोनू कुमार के नेतृत्व में पलामू के विभिन्न स्कूलों से एथलेटिक्स और खो खो में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें अंकित कुमार यादव रॉयल स्पोर्ट्स एकैडमी को डिस्कस थ्रो में प्रथम ,शॉट पुट में द्वितीय, हेमंत कुमार गिरवर प्लस टू उच्च विद्यालय को डिस्कस थ्रो में द्वितीय ,जेवलिन थ्रो में द्वितीय , जी एस कारण रॉयल स्पोर्ट्स एकैडमी को जैवलिन में प्रथम, नेहा कुमारी रॉयल स्पोर्ट्स एकैडमी को जेवलिन में द्वितीय, आर्य सिंह मिशन स्कूल शॉटपुट में तृतीय , सुहानी सिंह रॉयल मिशन स्कूल जैवलिन थ्रो में तृतीय, शिवानी कुमारी बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय डिस्कस थ्रो में द्वितीय, संध्या कुमारी वीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल हाई जंप में द्वितीय, स्थान प्राप्त किया । इस प्रकार रॉयल स्पोर्ट्स एकैडमी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कुल 2 प्रथम ,2 द्वितीय ,3 तृतीय, कुल 6 पदक प्राप्त कर एकेडमी, पलामू जिला के एथलेटिक्स एसोसिएशन का नाम रोशन किया।

यह उपलब्धि पलामू जिला के लिए गौरव की बात है। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सचिव संजय कुमार त्रिपाठी,

पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा , पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू योगासन संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे , पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, वूशु संघ के सचिव सुमित सरस ,वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद , प्रदीप कुमार मेहता, रविंद्र उरांव, वेद प्रकाश, एवं रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी के एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, प्रीति कुमारी, एवं पलामू खेल जगत में खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामना व्यक्त किया।

## कस्तूरबा टुंडी ने शत प्रतिशत परिणाम के साथ जिला में लहराया परचम




**दैनिक शुभ भास्कर, कामाख्या नारायण मिश्र। जिला संवाददाता धनबाद ( झारखंड)।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टुंडी की गीता मुर्मू बारहवीं कक्षा की परीक्षा में स्कूल टॉपर बनी है। दूसरा स्थान तन्नु श्री दत्ता एवं तृतीय स्थान सुशीला कुमारी ने हासिल की है। उसकी इस उपलब्धि से स्कूल के वार्डन कुमारी मनोरमा , सभी शिक्षकगण, लेखापाल, शिक्षकेत्तर कर्मी और उनके अभिभावक काफी खुश हैं। गीता को इस परीक्षा में 88.4 प्रतिशत अंक मिले हैं। गीता अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों एवं माता-पिता के अलावा माँ सरस्वती को देती है। तीनों टॉपर की इच्छा है कि वह आगे चलकर राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी करे। अपनी आगे की पढ़ाई वे किसी अच्छे कॉलेज से करना चाहती है। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय से कुल 45 छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा दी थी जिसमें 42 छात्राओं नें प्रथम श्रेणी से जबकी 3 ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उतीर्ण की है। इस प्रकार विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय में पढ़ने वाली अधिकतर विद्यार्थी टुंडी के सुदूरवर्ती इलाके के सुविधा विहीन दीन हीन या अनाथ बच्चियां हैं। इन सबके सफलताओं ने बच्चियों का मनोबल ऊंचा किया है और भी कुछ नई तमन्नाओं के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे ऐसा विश्वास है। विद्यालय की वार्डन कुमारी मनोरमा तथा लेखापाल जितेंद्र कुमार ने संयुक्त बयान जारी कर सफलता का सारा श्रेय शिक्षकों का श्रेष्ठ अध्यापन और बच्चों का लगातार परिश्रम को दिया है।

# पंचायत समिति की मासिक बैठक में बिजली पानी का मुद्दा गरम रहा

**प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने कहा कि बलियापुर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी, बिजली की भीषण जल संकट है।**



**दैनिक शुभ भास्कर, सम्पद गोप, बलियापुर ।** धनबाद (झारखंड) बलियापुर प्रखंड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक में बिजली, पानी का मुद्दा छाया रहा। इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या व बिजली को ले सभी पंचायत सदस्यों ने बिजली बहाल नियमित करने व मेघा जलापूर्ति योजना के तहत नल जल योजना का लाभ लोगों को देने संबंधी मुद्दा उठाया। प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने कहा कि बलियापुर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी, बिजली की भीषण जल संकट है। मामले को ले कई बार पंचायत समिति की बैठक में उठाने के बाद भी समस्याओं का निदान नहीं किया गया। उप प्रमुख आशा देवी ने कहा कि भीषण गर्मी में चापाकल के खराब पड़े रहने से ग्रामीणों में पीने के पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है। पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण ने कहा कि पलानी पंचायत के फकीराडीह में करीब 300 की आबादी है। दो चापाकलों में एक चापाकल खराब है। इससे परेशानियां होती है। फकीराडीह में लोग नहाने धोने के लिए गंदा पानी का उपयोग करते हैं। पशुओं को भी काफी दिक्कतें होती है। मुकुंदा पंचायत के पंसस हीरालाल मोदक, बड़ादहा पंचायत के पंसस रविंद्र महतो, घड़बड़ पंचायत के पंसस प्रतिमा देवी, भिखराजपुर पंचायत के पंसस दिवाकर महतो, अलकडीहा के पंसस तपन कुमार रजक, छाताटांड़ पंसस सुनीता कुमारी, बीरसिंहपुर पंसस सकौती मुर्मू, सिन्दुरपूर पंसस श्रीजलि देवी आदि पंसस ने भीषण जलसंकट व बिजली का मुद्दा उठाया। मौके पर बीडीओ अमित कुमार, बीईईओ रीना कुमारी, सीआई नेहा सिंह, बीपीओ विशाल कुमार, बीपीओ राकेश कुमार प्रसाद, डॉक्टर डीके दास, पंसस दीपाली कुमारी, तपन रजक, चंदा देवी, शैलेन मंडल, संतोष महतो, जीतू मंडल आदि मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने किया।

## रात रात भर गायब रहती है बिजली रानी धनबाद शहर से




**दैनिक शुभ भास्कर, राहुल मोदक, ब्यूरो/ धनबाद (झारखंड) ।** पूरे देश को रोशन करने वाला शहर धनबाद आज खुद अंधकार में जी रहा है। पूरे देश को उजाला करने वाला शहर धनबाद आज खुद अंधेरे में है। बिजली की समस्या से लोग आज सुबह से लेकर शाम तक और शाम से लेकर रात तक बिजली से परेशान है। परिवार में जिस तरह फूफा नाराज होते हैं, उसी तरह आज बिजली रानी नाराज दिख रही है। बिजली के कारण आज छात्र पढ़ाई नहीं कर पा रहे, रात को बच्चे सो नहीं पा रहे हैं, घर की गृहिणी काम नहीं कर पा रही है।

नींद का वक्त हुआ, बिजली रानी सैर पर निकल गई धनबाद की इस बदहाल व्यवस्था को देखकर यह कहावत भी सटीक बैठता है। नींद का वक्त हुआ और बिजली रानी सैर करने निकल गई, जब भी लोग रात को सोने जा रहे हैं तो बिजली रानी घूमने निकल जाती हैं। धनबाद के ग्रामीण इलाकों में लोग आज बिजली से त्रस्त है। बड़े छोटे उद्योग आज ठप पड़े हुए हैं।

**एक तरफ बिजली दूसरी तरफ पानी दोनों ले रही जान**

एक तरफ धनबाद के लोग बिजली की समस्या झेल रहे हैं वहीं दूसरी तरफ पानी की समस्या से भी लोग आज परेशान हैं। बिजली ना रहने के कारण पानी प्लांट का पानी सप्लाई भी बंद है। बिजली ना रहने के कारण पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ।

## पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए



**भागलपुर।** आज दिनांक~30.05.23 को अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में श्रावणी मेला आयोजन पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए।कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद,सुल्तानगंज द्वारा उक्त अवसर पर जानकारी दी गई की,शहरी क्षेत्र में क्रियान्वित सफाई व्यवस्था अंतर्गत नाली उड़ाही का कार्य तेजी से चल रहा है। शहरी क्षेत्र में अवस्थित 180 इकाई शौचालय के समुचित संधारण हेतु आवश्यक कारवाई प्रगति पर है।समीक्षा क्रम में जानकारी दी गई की आवासन हेतु शहरी क्षेत्र में सात धर्मशाला एवं एक स्कूल चिन्हित है,निर्देश दिया गया की आवासन चिन्हित स्थलों पर चापाकल,शौचालय कार्यशीलता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कारवाई की जाए।सुल्तानगंज शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट,हाई मस्ट लाइट कार्यशील है।अवगत कराया गया की सुल्तानगंज शहरी क्षेत्र में चिन्हित स्थलों पर समेकित रूप से 85 सीसीटीवी की पूर्णत कार्यशील है।जल आपूर्ति हेतु छह टैंकर वर्तमान में उपलब्ध होने एवम दो और टैंकर की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई,जिसे अविलंब पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद,सुल्तानगंज को यात्री शेड के समुचित रख रखाव,सामग्री दर निर्धारण हेतु आवश्यक कारवाई अविलंब पूर्ण करने एवम श्रावणी मेला विषयक अन्य निर्धारित कार्यों के सम्यक निर्वहन का निर्देश दिया गया है।

## आयु0 श्वेता एवं चि0 नितेश परिणय सूत्र में बंधें- प्रभाष गुप्ता

**देवघर।** स्थानीय जलसार रोड अवस्थित महावीर अखाड़ा प्रांगण में श्रीमती सुनीता देवी व श्री राजीव मंडल की सुपुत्री आयुष्मति श्वेता संग चिरंजीवी नीतेश के धूमधाम से आयोजित शुभ-विवाह समारोंह के उपलक्षय पर झारखंड रचनाचक्र के जिला महामंत्री श्री प्रभाष गुप्ता ने नवदंपत्ति को उनके उज्जवल भविष्य एवं सुखमय दांपत्य जीवन की ढेंर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा, कि नवदंपत्ति जीवन की पगडंडी पर तालमेल से आगें बड़े। साथ ही, जीवन के उतार-चढ़ाव के सहयात्री और सुख-दुःख के सहभागी बने और खुशहाल व सुखमय गृहस्थ जीवन व्यतीत करें ऐसी कामना है। इस अवसर पर श्री बिनोद जायसवाल एवं डॉ0 प्रतीक मंडल व अन्य द्वारा अतिथियों एवं आगंतुकों का जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही, मौके पर श्री अनंत राउत, श्री बंटी राउत, श्री अशोक सिंह एवं अनेंकों गणमान्य लोंग एवं समाजसेवी मौंजूद थे।

## बांग्ला भाषा की पढ़ाई सरकारी स्कूलों में हो



**दैनिक शुभ भास्कर, सम्पद गोप, बलियापुर / धनबाद (झारखंड)।** बलियापुर झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक आज मंगलवार को घरवड़ गांव में संपन्न हुई बैठक में बांग्ला भाषा की पढ़ाई सरकारी स्कूलों में नहीं होने पर सरकार की जमकर आलोचना की गई वक्ताओं ने कहा कि सरकार एक साजिश के तहत बांग्ला भाषा की पढ़ाई सरकारी स्कूलों में नहीं की जा रही है वक्ताओं ने बांग्ला भाषा को नजरअंदाज करने वाले सांसद विधायकों को 2024 के चुनाव में सबक सिखाने की चेतावनी दी इस अवसर पर समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर सोमनाथ सरखेल बापी चक्रवर्ती कुंती रजक लखी गोराई सुषमा गोराई जमुना धीवर नमिता गोराई सुष्मिता गोराई दुर्गा गोराई आदि थे मौके पर गांव में रैली निकाल सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की गई

## औरंगाबाद में 20 गिरफ्तार सैकड़ों लीटर शराब सहित कई वाहन जप्त

**दैनिक शुभ भास्कर,श्याम किशोर मिश्र, वरीय संवाददाता/ औरंगाबाद (बिहार)।** औरंगाबाद जिले में चलाए गए पुलिस अभियान में 20 लोगों की गिरफ्तारी किया गया है वहीं सैकड़ों लीटर शराब सहित कई वाहन जप्त किया गया है उक्त जानकारी अधीक्षक कार्यालय प्रेस नोट जारी कर दी गई है जारी प्रेस नोट के अनुसार हत्या के प्रयास मामले में (3) विधित कांड में( 1) मध निषेध मामला में( 16 )को गिरफ्तार किया गया है तथा विदेशी शराब 445,5 लीटर महुआ शराब 5 लीटर जप्त किया गया है और ?16000 हजार रुपया वसूला गया है

## बैठक में एक प्रस्ताव लाया गया जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

मानवाधिकार सुरक्षा एवं सतर्कता परिषद की ओर से एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सलीम सुगन्ध ने की। बैठक में मुख्य रूप से रेल मंडल कार्यालय की स्थापना तथा हवाई यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने के मांग को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में एक प्रस्ताव लाया गया जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। प्रस्ताव में कहा गया कि रेल मंडल कार्यालय की स्थापना एवं हवाई यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर चरणबद्ध जोरदार आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया जिसमें धरना प्रदर्शन से बात नहीं बनने पर अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में जफीर अहमद, डॉ0 रामानंद जयसवाल, एम.जेड.हक, अनीता कुमारी, मनाजिर करीम, किशन कुमार, कमर ताबा, शकील खान, राम किशोर सिंह, मो0 तबरेज (तब्बु), सुनील कुमार, मो0 शमीम वारसी, अरूण कुमार, सनीमेष ठकुर, शमशेर आलम, मो0 आरिफ खान, मो0 शारिक खान, जहाँगीर, अजमत हुसैन, महफुज, मो0 राशिद अंसारी आदि लोग उपस्थित हुए।

## भागलपुर पुलिस के द्वारा हत्या के कांड का सफल उद्भेदन.......

**भागलपुर।** दिनांक 09.05.2023 को संध्या में मोजाहिद्पुर थानाक्षेत्र अंतर्गत उल्टा पुल के नीचे एक अज्ञात महिला को चाकु से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मारकर जख्मी कर दिया गया था। ईलाज हेतु मायागंज अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्तें में ही मृत्यु हो गया। इस संबंध में पु0अ0नि0 मोहन कुमार सिंह, मोजाहिद्पुर थाना के स्वलिखित बयान के आधार पर मोजाहिद्पुर थाना कांड सं0-175/23 दिनांक-10~05.2023 धारा-302 भा0द0वि0 दर्ज किया गया। कांड के उदभेदन हेतु श्री आनंद कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय, भागलपुर के निर्देशन पर श्री अमित रंजन, पुलिस अधीक्षक, नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक, नगर, भागलपुर अजय कुमार चौधरी एवं श्री अपराजित लोहान, सहायक पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु) के नेतृत्व में स.ढ्ढ.ञ्ज. का गठन किया गया। उक्त गठित टीम द्वारा कांड का सफल उदभेदन करते हुए एक देशी कट्टा, 06 (छ) जिंदा कारतुस एवं 2.56,325/- (दो लाख छप्पन हजार तीन सौ पच्चीस) रूपया सहित एक अपराधकर्मी की गिरफ्तारी की गई है। जिसने घटना को कारित करने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।



**खो-खो प्रीमियर** — बिहार महिला खो-खो प्रीमियर लीग में खेलने वाली 8 टीमों के प्लेयरों का लिस्ट जारी कर दिया गया है।

## बिहार महिला खो-खो प्रीमियर लीग के लिए प्लेयरों का लिस्ट जारी

**पटना।** खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में आगामी 8 जून से 12 जून तक मसौढ़ी शहर के संत मैरी स्कूल परिसर में आयोजित होने वाली बिहार महिला खो-खो प्रीमियर लीग में खेलने वाली 8 टीमों के प्लेयरों का लिस्ट जारी कर दिया गया है।

यह जानकारी देते हुए खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने बताया कि प्रत्येक टीम में 15-15 प्लेयर रहेंगी। टीमों के नामाकरण 8 रंगों के नाम पर किया गया है।

उन्होंने कहा कि मैच सुबह व शाम में खेले जायेंगे। शाम का मैच दुधिया रोशनी में होगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को 7 जून को ही आयोजन स्थल पर 10 बजे सुबह से रिपोर्ट करना है। सभी टीमों के कोच व मैनेजर होंगे जिनकी नियुक्ति बाद में की जायेगी।




**टीमों के नाम व प्लेयर्स लिस्ट इस प्रकार हैं-**

येलो योद्धा - देवयानी कुमारी, आहूति कुमारी, श्यामा कुमारी, मुस्कान कुमारी सिंह, अक्षिता चौधरी, खुशी कुमारी सिंह, कौसन कुमारी, सुप्रिया लता, सिद्धि चौधरी, कृतिका कुमारी, दर्शिता तेजल, रौशनी, याशी यशवी, प्रिया भारती, प्रियांशी।

रेड रेंजर्स - स्नेहा निधि, सुकन्या कुमारी, मुस्कान, कुमारी रुपाली, दीक्षा दियांशी, आशा कुमारी, फूलमणि कुमारी, निधि, आरना नीरज, सिमरन कुमारी, सलोनी कुमारी, पुष्पा, श्रेया दत्ता, शिप्रा झा, श्वेता भारती। ग्रीन जायंट्स - शैली, नीतू, श्वाति, सायमा हरीन, पलक कुमारी सिंह, अंजलि कुमारी, रिया कुमारी, रागिनी कुमारी, भाव्या राज, निधि कुमारी, सृष्टि शर्मा, कविता, नीतू कुमारी, रिशिता कुमारी, रिचा रानी। व्हाइट वारियर्स ~ काजल कुमारी, आयुषी कुमारी, शिवानी, रागिनी कुमारी, पलक प्रज्ञा, प्रियंका कुमारी, ममता कुमारी, अक्षया सिंह, शगुन कुमारी, निकिता माही, आकृति, खुशी कुमारी, साक्षी सुमन, तान्या कुमारी, याशिता।

ब्लू ब्लास्टर्स ~ शोभा कुमारी, मिलि बधी, एकता कुमारी, लक्ष्मी, अराध्या सिंह, बीणा कुमारी, सुनैना कुमारी, अलीजिया तलियान, प्रणी,साक्षी कुमारी, श्वेता, सौम्या कुमारी, रेणु कुमारी, पम्मी, आस्था।

पिंक पॉयनियर्स - मिलि कुमारी, श्रुति सिंह, पुष्पा कुमारी, अन्नू, रागिनी कुमारी, रोमा राय, उज्ज्वला गुप्ता, सलोनी कुमारी, क्रिया सिंह, खुशबू कुमारी, सृष्टि कुमारी, स्नेहा दत्ता, लक्ष्मी कुमारी,राजनंदनी भारती।

गोल्डन गर्ल्स - तनिषा प्रिया, अनन्या राज, सृष्टि कुमारी, संजना,गुड़िया कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, सुमन भारती, आध्या यादव, आयुषी कुमारी, पूनम कुमारी, ललिता, मोनी कुमारी, सुमन भट्ट, विद्या कुमारी।

सिल्वर स्टार्स - कृष्णा प्रिया, काजल मेहता, मुस्कान कुमारी, प्रभा मानसी, जूली कुमारी, पूनम कुमारी, जूही कुमारी, पूनम कुमारी , संध्या कुमारी, कृतिका कांत, आर्या प्राणली, आशा, गुंजन मिनि, सुमंत, कुमारी दिया।

## निर्जला या भीमसेनी एकादशी 31मई को

**दैनिक शुभ भास्कर, गौरी शंकर मिश्र, ब्यूरो चीफ, पलामू प्रमंडल (झारखण्ड)।** मेदिनीनगर, पलामू प्रमंडल, 30मई भीमसेनी या निर्जला एकादशी व्रत उपवास 31मई बुध वार को रखा जायेगा। चौबीस एकादशी में यह एकादश बहुत कष्टकर और पुण्यदायक माना जाता है।

एकादशी व्रत के दिन पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आराधना करने से साधक को विशेष लाभ मिलता है। बता दें कि इस वर्ष निर्जला एकादशी व्रत 31 मई 2023, बुधवार के दिन रखा जाएगा। इसे भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग सच्ची श्रद्धा भाव से निर्जला व्रत करते हैं और भगवान विष?णु की पूजा करते हैं। निर्जला एकादशी को लेकर शास्त्रों में कुछ नियम बताए गए हैं। इन नियमों को मानकर पूजा करने से आपके घर में सुख समृद्धि आती है।

मान्यता है कि जो भी व्यक्ति सच्चे भाव से यह व्रत करता है और दान पुण्य करता है वह भगवान विष्णु की कृपा का पात्र बनता है। इस व्रत को करने के कुछ नियम शास्त्रों में बताए गए है और यह भी बताया गया है कि इस दिन कौन से कार्य करना अशुभ होता है।

निर्जला एकादशी का व्रत धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस व्रत को करने से आपके सभी कष?ट दूर होते हैं और भगवान विष?णु सुखी और संपन?न रहने का आशीर्वाद देते हैं।

निर्जला एकादशी पूरे साल की 24 एकादशियों में सबसे प्रमुख मानी जाती है। धार्मिक दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण निर्जला एकादशी ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी है। इस साल यह एकादशी 31 मई को है। इस एकादशी का व्रत करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दिन जरूरतमंद लोगों को दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है। इस दिन परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए निर्जला व्रत रखा जाता है। यह व्रत अधिकाशत~ महिलाएं करती हैं। इसके अलावा इस दिन गायत्री जयंती भी मनाई जाती है।

**निर्जला एकादशी का महत्व, शुभ मुहूर्त और पूजाविधि।**

निर्जला एकादशी का महत?व

निर्जला एकादशी को लेकर यह मान?यता है कि अगर आप पूरे साल एक भी एकादशी का व्रत नहीं करते हैं और निर्जला एकादशी का व्रत करते हैं तो आपको संपूर्ण एकादशियों का फल मिलता है और भगवान विष?णु आपसे बहुत प्रसन?न होते हैं। इस व्रत को करने वाले लोगों को अन?न और जल का त?याग करके व्रत करना पड़ता है। पद्म पुराण में बताया गया है कि इस व्रत को करने से दीर्घायु और मोक्ष की प्राप्ति होती है। निर्जला एकादशी 30 मई मंगलवार को दोपहर 1 बजकर 9 मिनट से आरंभ हो जाएगी और इसका समापन 31 मई को दोपहर 1 बजकर 47 मिनट पर होगी।

## ख़ास ख़बर

### रीतिमा मार्केट में शटर का ताला तोड़कर चोरों ने की मोबाइल दुकान में चोरी



**साहिबगंज।** नगर थाना से महज 25 मीटर की दूरी पर स्थित हरीतिमा मार्केट में शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह उधर से गुजरने वालों ने देखा कि मोबाईल दुकान के शटर में लगा ताला टूटा हुआ है और शटर ऊपर उठा हुआ है। जहां स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मोबाईल दुकान के दुकानदार को दी जिसके बाद दुकान मालिक कुंदन कुमार चौरसिया ने वहां पहुंच खोजबीन की। वही बताया जाता है कि दुकान पहुंचने पर मोबाईल दुकान के मालिक ने पाया कि उनके शटर में लगा हुआ लिंक का ताला टूटा हुआ है और दुकान का शटर उठा हुआ है। जहाँ दुकान के अंदर ग्राहक का दिया गया रिपेयरिंग का मोबाइल, बैटरी, इनवर्टर, कंप्यूटर एवं अन्य सभी सामान नदारद था। वही मोबाईल दुकान के मालिक कुंदन कुमार चौरसिया ने बताया कि हर दिन की तरह रात में समय पर अपना दुकान बंद कर घर चल गए थे जहां सुबह किसी ने उनके दुकान में चोरी की सूचना दी। उधर नगर थाना क्षेत्र की पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### घर में घुसकर छेड़खानी व मारपीट कर जेबरात छीनने के मामले में महिला ने एसपी को दिया आवेदन



**साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के जंगलपाड़ा गांव की रहने वाली पीड़िता महिला ने घर में घुसकर छेड़खानी व मारपीट करते हुए सोने के आभूषण छीन लेने के मामले में पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देते हुए दोषी व्यक्तियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जहां दिए गए आवेदन पत्र में महिला ने जिक्र किया है कि उनके ही पड़ोस के रहने वाले जलील शेख पिता स्व. समरूद्दीन शेख, बाबुल शेख एवं रीना बीवी में मारपीट करते हुए उनके कान एवं गले से सोने के आभूषण छीन लिए हैं। वहीं उन्होंने बताया कि उनके पति मजदूरी करने के लिए उड़ीसा गए हुए हैं जिसका फायदा उठाकर आरोपियों ने इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया है।

### हरीतिमा मार्केट में मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**साहिबगंज।** नगर थाना से महज 25 मीटर की दूरी पर स्थित हरीतिमा मार्केट में मोबाइल दुकान के शटर में लगे ताला को लोहे की खनती से तोड़कर सामानों की चोरी करने वाला शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जहां पुलिस ने मोबाईल दुकान से चोरी किए गए सभी सामानों को भी सुरक्षित बरामद कर



लिया है। इसको लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र दुबे ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी विक्रम कुमार उर्फ पोतते को सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। इस प्रेसवार्ता के मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावे नगर थाना प्रभारी शिव कुमार सिंह, एएसआई नंद किशोर डेहरी समेत अन्य पुलिस के जवान उपस्थित थे।

# 14 जून तक चलने वाले मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**साहिबगंज।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने व्यवहार न्यायलय परिसर स्थित लोक अदालत कक्ष से इसका उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को प्रोत्साहित इस विशेष अभियान ÷मन का मिलन पखवाड़ा÷ का आयोजन 29 मई से 14 जून तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मनोज कुमार सिंह, जिला जज तृतीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, वरीय सिविल जज राजेश कुमार श्रीवास्तव, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी आलोक सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा ने एलईडी युक्त चलंत प्रचार प्रसार वाहन को भी रवाना किया जिसके द्वारा गाँव गाँव के एक एक मोहल्ला तक चलचित्र के द्वारा मध्यस्थता के बारे में लोगों को अवगत कराया जाएगा। वही उन्होंने




आम लोगों, वादकारियों से यह अपील किया की आओ रे मन का कर ले मिलन विवादों का निपटारा कर ले तुरंत।

वही प्राधिकार के सचिव सह वरीय सिविल जज धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष अभियान के तहत पूरे जिले में मध्यस्थता से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से वादों को निष्पादित किए जाने के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। वही यह कार्यक्रम अगले एक पखवाड़े तक चलेगा इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम, परामर्श सेवाएं, वीडियो पर सफल कहानियां को दिखाना, लंबित अथवा मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों में आवेदन प्राप्त करना एवं आवश्यक सुझाव पक्षकारों के देना शामिल है। वही उन्होंने कहा कि वे पक्षकारों को इस बात के लिए भी प्रेरित करेंगे कि वे अपने विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के लिए आगे आएं और इसमें पक्षकारों की सहमति के आधार पर ही समाधान ढूंढा जाता है, जिससे पक्षकारों का समय, धन तथा व्यक्तिगत संबंधों की रक्षा होती है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी, मुख्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल अरविंद गोयल, डिप्टी डिफेंस काउंसिल रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, कामिनी शर्मा, सहायक लीगल डिफेंस काउंसिल अमरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रतन कुमार, ज्योति कुमारी जिला पैनल अधिवक्ता मुरलीधर साह, बालमुकुंद पंडित सहित पारा लीगल वोलेंटियर उपस्थित थे।

## जिले में बिना सीटीओ के हो रहा बोल्डर का निर्यात- सैयद अरशद नसर



**साहिबगंज।** मेसर्स जी. के. इंटरप्राइजेज, मालदा व मेसर्स मां तारा कंस्ट्रक्शन कंपनी, मुजफ्फरपुर द्वारा जिले के पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों की मिलीभगत से समदा घाट से बिना सीटीओ, डीलर्स लाइसेंस, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण व केन्द्रीय जल आयोग से प्रमाण पत्र लिए बिना खुलेआम धड़ल्ले से कानुन का खुला उल्लंघन कर गंगा नदी से बिहार स्टोन बोल्डर भेजा जा रहा है। यह आरोप जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर ने लगाते हुए कहा है की ऐसे मामले में एनजीटी के आदेश का खुला अवमानना हो रहा है। वही नसर ने जिला प्रशासन व सरकार से अविलंब इस मामले पर संज्ञान लेते हुए उपरोक्त ठेकेदार पर तुरंत प्राथमिकी दर्ज करते हुए ठेकेदार की गिरफ्तारी की मांग करने के साथ ही दोषी पदाधिकारी को भी दंडित करने की मांग की है। साथ ही ठेकेदार पर गंगा नदी को प्रदुषित करने एवं कानून तोड़ने को लेकर भारी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुर्माना लगाने की मांग की है। वही नसर ने कहा है कि ज़िला पुलिस प्रशासन ने इस मामले पर यथाशीघ्र विधि सम्मत कार्रवाई नहीं की तो पुरे मामले को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की जाएगी।

### राजमहल विधायक ने किया 25 लाख की लागत से नवनिर्मित विवाह भवन का उद्घाटन



**साहिबगंज।** मंगलवार को राजमहल विधायक अनंत ओझा ने सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिम पंचायत के डीहारी गांव में 25 लाख की लागत से नवनिर्मित विवाह भवन का उद्घाटन किया। ज्ञात हो की राजमहल विधायक के अनुशंसा पर विवाह भवन बनकर तैयार हुआ। जहां ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से डीहारी में विवाह भवन का निर्माण की मांग किया जा रहा था। वही ग्रामीणों ने अपने मांग पूरी होने पर क्षेत्रीय विधायक का आभार जताया। इस मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और समाधान के दिशा में सार्थक पहल करने का भरोसा दिया।

## अनियंत्रित टोटो के पलटने से 19 वर्षीय युवक की मौके पर हुई मौत, मौके पर पहुँची रांगा थाना पुलिस

**पतना।** रांगा थाना क्षेत्र के झिकटिया बिंदूधाम रोड में एक अनियंत्रित टोटो के पलटने से 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक घटनास्थल के समीप लकड़ी के दुकान पर काम करता था जहां प्लाईवुड लाने के लिए बरहरवा बाजार गया था। वही वापस आने के क्रम में घटना घटित हो गई है। वही ग्रामीणों के अनुसार टोटो अनियंत्रित होने से लोड प्लाई युवक के सिर पर ही जा गिरा जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही युवक का नाम तारिकुल इस्लाम पिता नसीरुद्दीन शेख ग्राम तोफापुर भवानीपुर थाना फरक्का जिला मुर्शिदाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही रांगा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की छानबीन में जुट गई है। वहीं टोटो चालक झिकटिया निवासी रवि उर्फ बड़ी वाला घटनास्थल से थोड़ी दूर में टोटो को छोड़कर



फरार हो गया। वही मामले की जाँच करते हुए पुलिस अग्रेषित कार्रवाई के तहत शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल के लिए भेज दिया है। उधर मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है जहां समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन घटनास्थल पर नहीं पहुँचे थे। उधर स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार झिकटिया बिंदुधाम मुख्य मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में है जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटना घटित होती रहती है। वही सड़क पर हल्की बारिश से भी कई जगहों पर जलजमाव हो जाता है परंतु सड़क के निर्माण हेतु स्थानीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधि या समाजसेवी नजरअंदाज करते नजर आते हैं इसकी वजह राजनीतिकरण क्यों न माना जाय।

### संथाल परगना प्रमंडल के विद्युत महाप्रबंधक राकेश प्रसाद का साहिबगंज दौरा



**साहिबगंज।-** संथाल परगना प्रमंडल के विद्युत महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने मंगलवार को विधुत आपूर्ति अंचल विद्युत अधीक्षण कार्यालय साहिबगंज में जिलों के विद्युत अभियंताओं के साथ एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने बैठक में जिलों के एक मुस्त जमा योजना जिसमें बकाया विपत्र की राशि का एक मुस्त भुगतान करने पर विलंब शुल्क की माफी दी जाती है। इसी विषय पर मंगलवार को विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय में जिले के सभी साहिबगंज डिविजन, कार्यपालक अभियंता राज कुमार, एमआरटी अलक पुजारी, भंडारण कार्यपालक अभियंता कुणाल कुमार, पाकुड़ कार्यपालक अभियंता सत्यनारायण पातर, सहायक अभियंता प्रदीप राय, सुजीत उपाध्याय ग्रामीण कनीय अभियंता, दीपक कुमार सिंह, क्लर्क सुनील कुमार दुबे एवं अन्य कर्मचारियों के साथ एक बैठक की। उधर संथाल परगना प्रमंडल के विद्युत महाप्रबंधक राकेश कुमार ने प्रेस को बताया कि

साहिबगंज शहर के महफूज जगह रहने के कारण यहां पर रेलवे क्रॉसिंग जो चानन गांव के पास करना है उस जगह काम अभी तक बाधित है। वही उन्होंने यह भी कहा कि स्टोर में सामान उपलब्ध रहने के बाबजूद भी यहां के लोकल ठिकेदार को विद्युत सामान उपलब्ध नही करवाया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर यहां पर सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक करना पड़ रहा है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि जल्द से जल्द एक कमेटी बनाकर जांच करवाता हूं इसमें जो भी पदाधिकारी दोषी होगे उस पर कड़ी से कड़ी करवाई करके उच्च पदाधिकारियों को अपना रिपोर्ट भेज दूंगा। वही उन्होंने प्रेस को यह भी बताया कि जो भी पदाधिकारी शहर में विकास का काम को बाधित करते है और धीमी गति से काम को करवाते है वैसे पदाधिकारियों को नही बक्शा जायेगा। वही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के द्वारा यह भी आदेश जारी है की पहले लोकल व्यक्तियों को काम करने के लिए दिया जाएगा जहाँ कोई भी बाहरी आदमी को इस इलाका में काम करने नही दिया जाएगा।इस बैठक में मौजूद साहिबगंज विद्युत अंचल विद्युत अधीक्षण अभियंता, नत्थन रजक, साहिबगज कार्यपालक अभियंता राज कुमार, भंडारण कार्यपालक अभियंता कुणाल कुमार, एमआरटी कार्यपालक अभियंता अलख पुजारी, साहिबगंज सहायक अभियंता प्रदीप कुमार राय, पाकुड़ विद्युत कार्यपालक अभियंता सत्यनारायण पातर, अंचल विद्युत अधीक्षण कार्यालय के सभी कनीय अभियंता और अन्य लोग मोजूद थे।

### गंगा दशहरा आस्था एवं दान- पुण्य का पर्व, श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**साहिबगंज।** जिले के राजमहल प्रखंड में गंगा दशहरा के दिन हजारों की संख्या में साहिबगंज, राजमहल क्षेत्र में मंगलवार को गंगा घाटों में श्रद्धालु पूजा अर्चना एवं स्नान करते हुए देखा गया।वहीं गंगा दशहरा के दिन गंगा मैया भगवान भोलेनाथ की जटा से निकलकर धरती पर अवतरित हुई थीं। इसको लेकर यह पर्व काफी उल्लास के साथ मनाया जाता है। वही गंगा दशहरा पर गंगा स्नान के साथ ही दान पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है। पर्व धर्म के साथ सेवा को भी बढ़ावा देते हैं। जयेष्ठ महीने के भीषण गर्मी में यह पर्व मनाई जाती है। इसलिए हमारे यहां गर्मी के दिनों में घड़ा, जल, मीठा शर्बत एवं फलों का भी दान किया जाता हैं। गंगा दशहरा के दिन इन चीजों का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। गंगा दशहरा को लेकर साहिबगंज, राजमहल के बाजार में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। वही बहुत सारे भक्त गंगा तट पर सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान किए। वही अधिकांश धार्मिक आयोजन मां गंगा के तट के किनारे होते हैं। जहां हिंदू संस्कृति के अनुसार घरों में शुभ कार्य भी इस दिन प्रारंभ होते हैं। इससे मां गंगा की महत्व का पता चलता है।

### सड़क पर जलजमाव की समस्या से ग्रामीण परेशान

**बरहरवा।** प्रखंड क्षेत्र के सिरासिन पंचायत के राधानगर से सिरासिन जाने वाली मुख्य सड़क में पानी की समुचित निकासी नही हो पा रही है जिससे सड़क नाले में तब्दील हो गया है। वही बताया जाता है कि काफी वर्ष बीत जाने के बावजूद भी आज तक इस सड़क की व्यवस्था से वहां की आम जनता परेशान है जहां सड़क नाले में बदल गई है। वही सड़क के किनारे दो से तीन चापाकल हैं जिसके गंदे पानी का सही से निष्कासन नहीं हो पाने की स्थिति में पानी बीच



सड़क पर जमा जाती है, जो कई बार दुर्घटना का कारण बनती है। उधर इस जलजमाव से राहगीरों को भी काफ़ी मुश्किल होती है। मिली जानकारी के अनुसार यहां के कुछ भ्रष्टाचारीयों के कारण नाला नहीं बन पाया है जिस कारण यह तमाम समस्याएं उत्पन्न हुई है।

**सम्मान** कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए

# मैट्रिक व इंटर साइंस की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**साहिबगंज।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत सिद्धो कान्हो सभागार में मैट्रिक व इंटर साइंस की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने सर्वप्रथम सभी का मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए धन्यवाद करते हुए बच्चों को उनके आगे की भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस क्रम में उन्होंने अभिभावकों का भी अभिवादन किया तथा कहा कि शिक्षकों का हर संभव प्रयास रहता है कि उनके बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें। वही परीक्षाओं में अच्छा अंक हासिल करें एवं उनका भविष्य बेहतर हो परंतु बच्चों में लर्निंग कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए और बल देने की आवश्यकता है। कई बार ऐसा होता है कि बच्चे अंक लाने के लिए विषय की गहराई में नहीं जाते हैं तथा रट कर अंक हासिल करने और प्रतियोगिता में आगे बने रहने की होड़ में सम्मिलित हो जाते हैं लेकिन अभिभावकों को बच्चों को सीखने एवं तर्कशक्ति मजबूत करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अगर बच्चे तार्किक रूप से विषय को समझेंगे तो उन्हें याद करने की जरूरत नहीं होगी। कई बार ऐसा भी होता है कि बच्चे याद करते करते ठीक परीक्षा के समय भूल जाते हैं अगर उनमें तार्किक शक्ति मजबूत रहेगी वह विषय की गहराई को समझेंगे तो उन्हें लिखने में कोई समस्या नहीं होगी। आगे उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों को विशेष रूप से कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि बच्चों को छोटी उम्र से ही नागरिक व्यवहार सिखाएं ताकि बड़े होकर वह नागरिक दायित्व भी पूरी तरह से निभा सके। इस क्रम में उपायुक्त ने



कहा कि हमें एफिशिएंसी को भी ध्यान में रखना है कि कौन सा बच्चा किस क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। इसी प्रतिभा को पहचान कर उसे उस क्षेत्र में आगे बढ़ाना भी अभिभावक एवं शिक्षक का कर्तव्य है। हर बच्चा अलग तरीके से चीजों को समझता है उसके समझने का नज़रिया अलग हो सकती है जहां सभी अभिभावकों को यह भी स्वीकार करने की जरूरत है। वही उन्होंने कहा कि पहले गुरुकुल में शिक्षा दीक्षा होता था जहां कोई प्रमाण पत्र नहीं होता था परंतु फिर भी छात्र कई ऊंचाइयों को प्राप्त करते थे। आगे कार्यक्रम में उन्होंने अपने कई अनुभव साझा किए तथा बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह सीखें समझे और अपनी रुचि का विषय चुने। वही कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी मेहनत करते रहें क्योंकि मेहनत का कोई अन्य विकल्प नहीं है। जब तक आप प्रयास करते रहेंगे आपके सफल होने की संभावना उतनी प्रबल होगी। वही उन्होंने कहा कि उपायुक्त के नेतृत्व में विद्यालयों में पानी की व्यवस्था, शौचालय, साफ सफाई तथा अतिरिक्त कमरों का निर्माण एवं भवन मरम्मति का कार्य किया गया है जिससे आधारभूत संरचनाएं व्यवस्थित हुई है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिख रहा सिंचाई कुआं



**बरहरवा-** प्रखंड क्षेत्र के पथरिया पंचायत के कमार टोला में कई ऐसे सिचाई कूप हैं जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जहां ऐसे मामलों में संवेदक द्वारा उच्च गुणवत्ता की मटेरियल का प्रयोग ना करना, बिचौलियों का बढ़ता प्रभाव तथा सरकारी राशि का बंदरबांट सहज ही दिखाई पड़ जाता है। वही कुएं के ऊपरी सिरे पर की गई ईट की घेराबंदी पूरी तरह से जर्जर हो गई है क्योंकि इसके ऊपर प्लास्टर भी नहीं किया गया है ऐसे में यह कूप किसी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। वही इस मामले में अब तक ना तो स्थानीय जनप्रतिनिधि और ना ही किसी सरकारी अधिकारी की नजर पड़ी है। उधर आननफानन में कार्य को पूरा कर के सरकारी राशि की निकासी कर ली जाती है अतः ऐसे मामलों में उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है।

### गंगा की गोद में समाई 10 वर्षीय बच्ची, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र में गंगा दशहरा के दिन मंगलवार को पुराना भट्ठा, महाराजपुर निवासी राजू पंडित की 10 साल की पुत्री खुशी कुमारी अपनी मां के साथ सुबह लगभग 8.30 बजे गंगा स्नान करने गंगा गई थी। जहां गंगा दशहरा में स्नान करने के दौरान उक्त बच्ची गंगा नदी में डूब गई। उधर घंटों प्रायस करने के बाद वहां के स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे गंगा से बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार हेतु सदर अस्पताल साहिबगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते चलें खुशी कुमारी दो बहन एवं एक भाई हैं। वही दूसरी बहन का नाम सृष्टि कुमारी, भाई का नाम लाला कुमार पंडित एवं मां का नाम पूजा देवी है। जहां खुशी कुमारी भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। वही बच्ची के पिता राजू पंडित मिट्टी की प्रतिमा एवं मिट्टी निर्मित बर्तनों को बनाकर बाजारों में बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उधर गंगा नदी में नहाने के दौरान बच्ची



के डूबने की जानकारी मिलते ही तालझारी थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर अनुसंधान कार्य में जुट गए। उधर पुलिस ने मासूम बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।